Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to restart the Rajiv Gandhi scholarship provided to SC/ST students.

डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद। आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने की इजाजत दी है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि जो 2,000 रुपये राजीव गांधी स्कालरशिप थी, वह बंद कर दी गई है।...(व्यवधान) जिससे शेड्यूल कास्ट के बच्चों को हायर एजुकेशन से वंचित कर दिया गया है। यह शर्त लगा दी गई है कि जो नेट या जेआरएफ क्वॉलीफाई करेगा, वही स्कालरशिप ले सकेगा।...(व्यवधान) नेट और जेआरएफ पहले ही शेड्यूल कॉस्ट, शेड्यूल ट्राइब्स या किसी भी स्टूडेंट को क्वॉलीफाई करना कंप्लसरी था।...(व्यवधान) उसी के आधार पर फेलोशिप मिलती थी। इस तरह से 2,000 रुपये शेड्यूल कास्ट के लिए और लगभग 700 रुपये शेड्यूल ट्राइब्स के लिए, जो हायर एजुकेशन के लिए स्कालरशिप थी, वह निरस्त कर दी गई है।...(व्यवधान) मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि इसको बहाल करें और जो एलिमेन्ट्री लेवल से लेकर बी.ए. और एम.ए. तक जो स्कालरशिप है, उसकी राशि बहुत कम है, उस राशि को बढ़ाया जाना चाहिए।...(व्यवधान) वाइस चांसलर्स एस.सी./एस.टी....(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : डॉ. मनोज राजोरिया और डॉ. कुलमणि सामल को डॉ. उदित राज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।